NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 282 /NCRES/19 Date : 29 .10.2019

श्रीमान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषय :– टी.टी.ई. रेस्ट हाऊस में पीने का शुद्ध पानी व कुकिंग सुविधा की व्यवस्था हेतु।

संदर्भ :– पी.एन.एम. मद संख्या 2/2017

महोदय,

अवगत कराना है कि झांसी मण्डल का टिकट चेकिंग स्टाफ ड्यूटी कर इटारसी, भोपाल व कानपुर के रेस्ट हाऊस में पहुंचता है तो वहां पीने के लिये शुद्ध पानी नही मिलता, कुकिंग व्यवस्था न होने से चाय, नाश्ते व भोजन के लिये उन्हे दूर जाना पड़ता है। यह भी अवगत कराना है कि रेस्ट हाऊस में शुद्ध पानी न मिल पाने के कारण बहुत लोगो को किडनी व लीवर से सम्बन्धित बीमारियां फैल रही है।

यह भी अवगत कराना है कि रेलवे बोर्ड ने दिनांक 10.12.2018 को वाणिज्य परिपत्र संख्या 71/2018 जारी कर टिकट चेकिंग के सभी रेस्ट हाऊसों में रनिंग रूम के समान सुविधायें मुहैया कराने के लिये निर्देश जारी किया है, इसके अतिरिक्त NCRES के पी.एन.एम. मद सं. 2/2017 पर भी आश्वासन दिया गया है कि इलाहाबाद, झांसी और आगरा मण्डल में स्थित रेस्ट हाऊसों में सुधार करने के लिये आवश्यक निर्देश जारी किया जायेगा लेकिन खेद के साथ अवगत कराना पड़ रहा है कि टी.टी.ई. रेस्ट हाऊसों में कोई सुधार नही हुआ।

NCRES का अनुरोध है कि रेलवे बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र सं 71/2018 दिनांक 10.12.2018 के निर्देशों के अनुसार सभी रेस्ट हाऊसों में सुविधा मुहैया कराया जाय और वर्तमान में झांसी मण्डल के कानपुर रेस्ट हाऊस में RO युक्त शुद्ध पानी और कुकिंग की सुविधा प्रदान करने के लिये उचित आदेश दिया जाय ताकि टिकट चेकिंग स्टाफ में असंतोष खत्म हो सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री